दिन—गुरूवार दिनांक— 20/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि— 15 मिनट

---

01. बिहार ने केंद्रीय करों में पचास प्रतिशत हिस्सेदारी की मांग की। वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के साथ बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ज्ञापन सौंपा।

02. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा— विभाग के तहत अड़तीस हजार सात सौ तैंतीस पदों पर नियमित नियुक्ति की जाएगी।

03. विधान सभा और विधान परिषद में विपक्षी सदस्यों ने आज भी विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा किया।

04. और, सेपक टाकरा विश्व कप आज से पटना में शुरू। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया उद्घाटन।

---

बिहार ने केंद्रीय वित्त आयोग से केंद्रीय करों में पचास प्रतिशत हिस्सेदारी की मांग की है। सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। श्री पनगढ़िया ने कहा कि बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि संसाधन हस्तांतरण के फॉर्मूले में जनसंख्या धनत्व को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

———बाइट———

वित्त आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि राज्य सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक लाख करोड़ रूपये से अधिक के अनुदान की मांग की है। वित्त आयोग का दल दो दिवसीय बिहार दौरे पर है। कल दल के सदस्य विशेषज्ञों, हितधारकों और जनप्रतिनिधियों के साथ विमर्श करेंगे।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने घोषणा किया है कि विभाग में अड़तीस हजार सात सौ तैंतीस विभिन्न पदों पर नियमित नियुक्ति की जाएगी। श्री पांडेय ने विधानसभा में आज स्वास्थ्य विभाग के बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि शहरी आशा के अलावा इक्कीस हजार से अधिक ग्रामीण आशाओं की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा

कि अगले वित्तीय वर्ष में ग्रामीण इलाकों में पंद्रह सौ से अधिक नये अस्पताल खोले जायेंगे।

———बाइट———

स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि अररिया, औरंगाबाद, बांका, जहानाबाद, कैमूर, खगड़िया और नवादा जिले में नये चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बेगूसराय और नवादा में कैंसर अस्पताल खोले जाने की भी घोषणा की। श्री पांडेय ने कहा कि पटना में सौ बेड वाला शिशु रोग अस्पताल खोला जाएगा।

---

विधानमंडल के बजट सत्र में आज भी दोनों सदनों की कार्यवाही के दौरान विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। राजद, कांग्रेस और सीपीआई के विधायकों ने विधान सभा के भीतर और बाहर स्वास्थ्य विभाग में खाली पड़े पदों को भरने और पीडीएस दुकानदारों को मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। हंगामा और शोर–शराबे के बीच ही प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही पूरी की गयी। इधर, विधान परिषद में राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच नोंक–झोंक देखने को मिली। मुख्यमंत्री ने राबड़ी देवी को उनके शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि राजद नेताओं को कानून व्यवस्था पर बयान देना शोभा नहीं देता है। इस पर नाराज विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी उनतीस मार्च को राज्य के दो दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उनतीस मार्च को श्री शाह भाजपा के सांसदों, विधायकों, विधान पार्षद और पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जबकि अगले दिन तीस मार्च को वे सहकारिता के क्षेत्र में काम कर रही विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों और लाभार्थियों के साथ संवाद करेंगे।

———बाइट———

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगले साल इकतीस मार्च तक देश नक्सल मुक्त हो जाएगा। श्री शाह ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार नक्सलियों के खिलाफ सख्ती से आगे बढ़ रही है। श्री शाह ने कहा कि सरकार उन उग्रवादियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है जो तमाम सुविधाएं दिए जाने के बावजूद आत्मसमर्पण नहीं कर रहे हैं। उन्होंने नक्सल मुक्त भारत अभियान की दिशा में आज छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों को मिली सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि दो अलग–अलग ऑपरेशन में बाईस नक्सली मारे गए।

---

कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने आज कहा है कि केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उसने वर्ष दो हजार चौदह से उनके लिए कई कदम उठाए हैं। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि को लागू किया है और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है।

———बाइट———

जैविक खेती को बढ़ाने की बात हो, प्राकृतिक खेती को बढ़ाने की बात हो, अनेक उपाय किए हैं, परंतु विपक्ष, कभी किसान का आज तक भला नहीं किया। तो मोदी जी के नेतृत्व में मोदी जी चाह रहे हैं कि किसान के घर में खुशहाली आए, इसके लिए अनेक उपाय कर रहे हैं और करे जाएंगे और इस देश के अन्नदाता को समृद्ध और खुशहाल करेंगे।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि पिछले एक महीने में चुनाव प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए साहसिक कदम उठाए गए हैं। आयोग ने आज कहा कि उसने लगभग एक करोड़ चुनाव कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए निरंतर डिजिटल प्रशिक्षण की योजना बनाई है। इन कदमों में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी, जिला चुनाव अधिकारी और मुख्य चुनाव अधिकारी स्तर पर चुनाव अधिकारियों के साथ लगभग पांच हजार सर्वदलीय बैठकों के माध्यम से राजनीतिक दलों की भागीदारी शामिल है। आयोग ने कहा है कि मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बीएलओ स्तर तक पूरी चुनाव मशीनरी को सक्रिय कर दिया गया है। आयोग ने देश भर में डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र हटाने और दशकों पुराने मुद्दे को तीन महीने में निपटान करने का भी संकल्प लिया है। चुनाव निकाय ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और चुनाव आयोग के विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू होगा।

---

सेपक टाकरा विश्व कप आज से पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्टस् कॉम्प्लेक्स में शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री कुमार ने कहा कि इस खेल का अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन कर बिहार ने इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से न केवल बिहार को वैश्विक खेल मंच पर एक पहचान मिलेगी, बल्कि राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय सेपक टाकरा फेडरेशन– याइसटैफ के सहयोग से हो रहा है। टूर्नामेंट में भारत, जापान, ब्राजील, फ्रांस, इटली, मलेशिया, ईरान समेत बीस देशों के तीन सौ से अधिक खिलाड़ी और प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं। आज खेल गए मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के क्वाड में ईरान को हराया, जबकि पुरूषों के मुकाबले में थाइलैंड ने सिंगापुर को पराजित किया। सेपक टाकरा खेल के बारे में एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को अंठावन करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा है कि लगातार आईसीसी खिताब जीतना असाधारण है।

---

पटना समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अनेक स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। इधर, सुबह से ही अधिकतर स्थानों पर बादल छाये हुए हैं। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों तक प्रदेश के कई भागों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान भभुआ, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कई जगहों पर मेघगर्जन, वज्रपात और ओलावृष्टि की आशंका है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

–––बाइट–––

---

आज विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह दिन गौरैया की आबादी में तेज़ी से हो रही कमी के बारे में जागरूकता के लिए प्रयास के तौर पर मनाया जाता है। पहली बार वर्ष, दो हजार दस में यह दिवस मनाया गया था। गौरैया कीटों की आबादी को नियंत्रित करके और पौधों में परागण करके पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

---

शेखपुरा जिले में बिना निबंधन और बिना प्रमाणिक डॉक्टरों के संचालित किये जा रहे निजी स्वास्थ्य केंद्रों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान कई ऐसी फर्जी क्लीनिकों को सील कर दिया गया है।

---

रक्षा मंत्रालय के महानिदेशालय पुर्नवास–डीजीआर की ओर से कल पटना के दानापुर कैंट स्थित करियप्पा ग्राउंड में पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक पूर्व सैनिक प्रातः सात बजे से दस बजे तक पंजीकरण करा सकते हैं।

---

शेखपुरा पुलिस ने पिछले महीने एक व्यवसायी से हुई लूट की घटना का खुलास करते हुए जिले के अलग–अलग क्षेत्रों से छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटी गई सामाग्री भी बरामद की गयी है। यह जानकारी एसएसपी सौरभ कुमार ने दी है।

---

सीपीआई, सीपीएम और अन्य वाम दलों के कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी के मुद्दे पर समस्तीपुर में राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जुलूस निकाला और समाहरणालय का घेराव किया।

---

अररिया जिले के पलासी प्रखंड क्षेत्र के करोड़ दीघली और जोकीहाट प्रखंड के काकन में अगलगी की अलग–अलग घटनाओं में दो दर्जन से अधिक घर जलकर नष्ट हो गये।

---

गया स्थित दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय–सीयूएसबी का आज चौथा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।

---

रोहतास पुलिस ने डेहरी ऑनसोन रेलवे स्टेशन के पास छापेमारी कर अफीम की एक बड़ी खेप के साथ चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी में आज से दो दिवसीय मिथिला महोत्सव की शुरूआत हो गयी है। जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने इसका उद्घाटन किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बिहार ने केंद्रीय करों में पचास प्रतिशत हिस्सेदारी की मांग की। वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के साथ बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ज्ञापन सौंपा।

02. स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा– विभाग के तहत अड़तीस हजार सात सौ तैंतीस पदों पर नियमित नियुक्ति की जाएगी।

03. विधान सभा और विधान परिषद में विपक्षी सदस्यों ने आज भी विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा किया।

04. और, सेपक टाकरा विश्व कप आज से पटना में शुरू। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया उद्घाटन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।